अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार
कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर
W-6, गौरव पथ, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर (राज॰)

क्रमांक : प.सं.7(11)/1001/प्र–1/2020/10419 दिनांकः–08/07/2020

उप निदेशक, प्रशिक्षण,
क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा,
अजमेर/भरतपुर/बीकानेर/ जयपुर/जोधपुर/कोटा/उदयपुर

विषयः– समस्त राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वृक्षारोपण कार्य बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि राज्य में मानसून के आगमन के साथ वर्षा ऋतु प्रारम्भ हो गयी है। वर्षा ऋतु में राज्य में अधिकाधिक वृक्षारोपण किया जाना है ताकि वर्षा के जल से पौधो में पूर्ण रूपेण वृद्धि हो एवं राज्य में हरियाली में वृद्धि हो ।इस हेतु राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/उप निदेशक, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय कार्यालयों में आगामी सप्ताह दिनांक 13.07.2020 से 18.07.2020 को वृक्षारोपण सप्ताह के रूप में मनाया जावे।

वर्तमान में कोविड–9 के कारण संस्थान में प्रशिक्षणार्थीयों को बुलाना सम्भव नही है अतः संस्थान/कार्यालय में समस्त कार्मिको के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य करवाया जाना है, इस हेतु समस्त कार्मिकों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जावें। वृक्षारोपण के दौरान राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी सोशल डिस्टेन्सिग एवं सेनेटाईजेशन के नियमों की पालना की जावें।

अतः आप क्षेत्राधीन संस्थानों को वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य करने तथा संस्थान स्तर पर एक रजिस्टर का संधारण कर वर्तमान में उपलब्ध वृक्षों तथा नये किये गये वृक्षारोपण की संख्या दर्ज करने हेतु निर्देशित करावें।

क्षैत्राधीन संस्थानों से संलग्न निर्धारित प्रपत्र में किये गये वृक्षारोपण की सूचना प्राप्त कर दिनांक 21.07.2020 दोपहर 03.00 बजे तक निदेशालय के **ई–मेल dte.cts.raj@gmail.com** पर आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करावें, ताकि प्रगति से श्रीमान शासन सचिव महोदय को अवगत कराया जा सके।

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

निदेशक (प्रशिक्षण)

क्रमांक : प.सं.7(11)/1001/प्र–1/2020/10420-421 दिनांकः–08/07/2020

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, जयपुर।
2. आचार्य/अधीक्षक, राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (समस्त) को भेजकर लेख है कि अपने संस्थान में दिनांक 13.07.2020 से 18.07.2020 को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर निर्धारित प्रपत्र में सूचना संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भिजवावें जिससे प्रगति से श्रीमान शासन सचिव महोदय को अवगत कराया जा सके।

उपनिदेशक, प्रशिक्षण

...vaar 2020-21\Secretary Letter 6.07.2020Copy.docx

प्रपत्र

क्र.सं.	संस्थान का नाम	उपलब्ध वृक्षों की संख्या	नवीन वृक्षारोपण की संख्या	कुल वृक्षों की संख्या	विशेष विवरण